



# FARIDABAD

## वाणिज्य विभाग द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय में नेशनल सेंटर फॉर फ़ाइनेंशियल एजुकेशन के सहयोग से एक राष्ट्रीय स्तर पर वेबिनार का आयोजन

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,12 January , 2022)

Ballabgarh News, 12 January 2022 (bharatdartshannews.com) : आज दिनांक 12 जनवरी 2022 को वाणिज्य विभाग द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय में नेशनल सेंटर फॉर फ़ाइनेंशियल एजुकेशन के सहयोग से एक राष्ट्रीय स्तर पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय वित्तीय जागरूकता और उपभोक्ता प्रशिक्षण था। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती ज्योति कपूर थी जो एडवांटेजेस इंडिया एलएलपी की फाउंडर है। उन्होंने वित्तीय जागरूकता और उपभोक्ता प्रशिक्षण की आवश्यकताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वित्तीय नियोजन कैसे किया जा सकता है और कैसे वित्त को सही जगह पर नियोजन कर लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने वित्त निवेश के विभिन्न रास्तों से अवगत करवाया । उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों में बताया की कैसे वित्तीय जागरूकता व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन, बजट और निवेश सहित विभिन्न वित्तीय कौशल को समझने और प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता है। वित्तीय जागरूकता पैसे के साथ आपके रिश्ते की नींव है, और यह सीखने की एक आजीवन यात्रा है।मुख्य वक्ता ने अपने ज्ञान और अनुभव को प्रतिभागियों से सांझा किया और जीवंत उदाहरण देकर इस विषय का ज्ञान करवाया।साथ ही उन्होंने उपभोक्ता प्रशिक्षण के बारे में भी बताया की यह ग्राहकों को उनके विशिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने उत्पाद या सेवा का कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में शिक्षित करने का अभ्यास है। इस कार्यक्रम में लगभग 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने मुख्य वक्ता से अनेकों प्रश्न पूछे और मुख्य वक्ता ने उचित उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ० डिंपल, सह संयोजक डॉ० रेखा सैन, समन्वयक डॉ० शोभना गोयल और सदस्यगण पूजा और प्रीति अग्रवाल थे। इन सभी के भरसक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल रहा । इस कार्यक्रम का समापन डॉ० डिंपल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। प्राचार्य महोदय ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को शाबाशी दी।